# प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

### 22.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि अगले 2 वर्ष में 5 सौ मैगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक 90 प्रतिशत से अधिक ऊर्जा की आवश्यकता नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से पूरी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में राज्य की वार्षिक ऊर्जा खपत लगभग 13 हज़ार मिलियन यूनिट है। उन्होंने बताया कि ग्रीन पंचायत कार्यक्रम के तहत प्रदेश की सभी पंचायतों में 5 सौ किलोवॉट क्षमता की ग्राउंड माउंटिड सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में 24 पंचायतों में ऐसी परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है जिनमें से 16 पंचायतों में कार्य आरंभ हो चुका है।

**जगत सिंह नेगी**

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हर वर्ग के लिए कार्य कर रही है। वे आज किन्नौर ज़िला के निचार उपमण्डल में 52 लाख रूपए की राशि से बने पंचायत भवन यूला का लोकार्पण करने के अवसर पर बोल रहे थे। जगत सिंह नेगी ने कहा कि मौजूदा सरकार ने सेब के लिए टैलीस्कोपिक कार्टन हटा कर यूनिवर्सल कार्टन ला कर सीमांत बागवानों के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है। इस दौरान उन्होंने जन समस्याएं भी सुनीं और प्राप्त उचित मांगों को चरणबद्ध ढंग से पूरा करने का आश्वासन दिया।

**कांग्रेस धरना**

मनरेगा का नाम विकसित भारत– गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण करने के विरोध में हिमाचल कांग्रेस ने आज शिमला में उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली एन.डी.ए. सरकार गलत तरीके से योजना का नाम बदल रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा में पहले केन्द्र सरकार 90 प्रतिशत राशि देती थी लेकिन अब इसे 60–40 के अनुपात में कर दिया गया है जिससे राज्यों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस और प्रदेश की सुक्खू सरकार मनरेगा के नाम पर केवल राजनीति कर रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि केन्द्र सरकार ने गरीब ग्रामीण और श्रमिक वर्ग के हित में विकसित भारत जी राम जी योजना जैसी प्रभावी योजना दी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस भगवान राम के नाम से अपनी चिढ़ की वजह से जी राम जी योजना का विरोध कर रही है लेकिन देश की जनता जान चुकी है कि ये विरोध नीति का नहीं, मानसिकता का है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार ने पिछले पांच महीने से अपने हिस्से की मनरेगा दिहाड़ी का भुगतान भी नहीं किया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि जी–राम–जी योजना महात्मा गांधी के ग्रामोदय के सपने को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगी।

**आईजीएमसी मामला**

इंदिरा गांधी मैडिकल कॉलेज शिमला में मरीज के साथ डॉक्टर द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट के बाद मरीज के परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया और डॉक्टर को सस्पैंड करने की मांग की है। अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी राहुल राव ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**सिकंदर कुमार**

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार ने जी राम जी बिल को लेकर प्रदेश कांग्रेस के धरने प्रदर्शन को राजनीतिक ड्रामा करार दिया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि कांग्रेस का काम केवल विरोध करना है और इस पार्टी ने कभी भी जनहित के कार्यों में सहयोग नहीं किया है। डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा कि केन्द्र सरकार ने जी राम जी विधेयक लाकर मनरेगा कानून में खामियों को सुधारने का कार्य किया है।

..................................